संक्षिप्त

56 वाहनों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

अलवर । प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ऐसे वाहन जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक कर जमा नहीं कराया है के विरूद्ध सीज कार्रवाई प्रारम्भ करते हुए परिवहन विभाग के उडन दस्तों द्वारा 16 मार्च को अलवर कार्यालय क्षेत्राधिकार में 37 वाहनों तथा भिवाडी कार्यालय क्षेत्राधिकार में 19 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई कर नियमानुसार 3 प्रतिशत पेनल्टी एवं कर राशि के दोगुने तक प्रशमन राशि वसूली गई। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के अतिरिक्त अलवर कार्यालय के उडन दस्तों द्वारा ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्रवाई कर ई-रवन्ना बकाया वाले 10 वाहनों को सीज किया जाकर बकाया राशि वसूली गई। परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा बकाया ई-रवन्ना प्रकरणों के निस्तारण हेतु एमनेस्टी योजना लाई गई है जिसके अंतर्गत ई-रवन्ना प्रकरणों पर देय राशि में 95 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है। अतः वाहन स्वामियों से आग्रह है कि वार्षिक कर देयता वाले भार वाहनों का वर्ष 2025-26 का कर यथाशीघ्र जमा करवाकर तथा ई-रवन्ना बकाया वाले वाहनों का निस्तारण एमनेस्टी योजना के अंतर्गत करवाते हुए वाहन जब्ती संबंधी अनावश्यक परेशानी से बचें।

कस्टम अधिकारी ने की एक रुपये में सगाई की रश्म पुरी

बौंली-बामनवास। सवाई माधोपुर जिले में प्रतिष्ठित मीणा समाज द्वारा की जा रही महा पंचायतो के निर्णय से विशेष जागरूकता के परिणाम तत्काल सामने आते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में बौंली उपखंड मुख्यालय के हनुमतपूरा गांव के अंकित मीणा की सगाई रश्म 16 मार्च रविवार को चौथ का बरवाड़ा तहसील के रुपनगर की सोनू मीणा के साथ संपन्न हुई, इस दौरान वधु पक्ष ने अपनी सामर्थ के अनुसार अपनी पुत्री के विवाह के लिए कुछ भेंट स्वरूप नगदी व अन्य सामान देने लगे, लेकिन वर पक्ष ने यह सभी वापस लौट कर मात्र 1 के सुकून मे सगाई समारोह की रश्म पुरी की। विधित रहे युवक अंकित मीणा वर्तमान में केंद्र सरकार के राजस्व मंत्रालय में कस्टम अधिकारी एवं जीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर हैं एवं उनके पिता बौंली ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी हैं, उनके भाई अमित मीणा आईआईटी रुकडी में सिविल इंजीनियर है।

रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं को लाभ दिलाएं : कलेक्टर

खैरथल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक। 21 मार्च को तिजारा में लगेगा रोजगार मेला, युवाओं को अधिक से अधिक मेले का लाभ मिले इसके लिए अधिकारियों दिए निर्देश। खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने तिजारा में 21 मार्च को युवाओं के लिए आयोजित होने रोजगार मेले की तेयारी की समीक्षा की और अधिकारियों को युवाओं को अधिक से अधिक लाभ मेले का दिलाने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने अधिकारियों कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं सहित अन्य विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें व बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट अपडेट करें।

जिला कलेक्टर ने बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक भूमि चिन्हिकरण व नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया हेतु शीघ्र आवेदन भिजवाने को कहा। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। जिले में मौसमी बीमारियों को लेकर कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया और कहा कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय जिले में सुनिश्चित करें, पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करते हुए अन्य तैयारियां पुख्ता रखें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने एवं नियमित रूप से जनता क्लीनिकों एवं चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।

खैरथल कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार

उन्होंने पीएचईडी को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने, जेजेएम के तहत लक्ष्यानुरूप नल कनेक्शन पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए वाटर टैंकर सैंक्शन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को पालनहार व पेंशन सत्यापन शत प्रतिशत पूर्ण करने, विद्युत निगम को विभागीय योजनाओं के अनुसार पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश कुमार, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग, समाज कल्याण रमेश दहमीवाल, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, इरिगेशन, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक ने सुनी जनता की समस्या

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे की जनता से वार्डो में जाकर नियमित संवाद कर, जनसमस्याओं को सुन उसके निस्तारण के लिए मंगलवार को प्रागपुरा कस्बे के कुशालगढ़ त्यागी जी का मंदिर, धालेड़ा की ढाणी शिव मंदिर, नारायणपुर रोड बस स्टैंड, दातरता का मोहल्ला हनुमान जी की बगीची, श्री कृष्ण गौशाला गोपी जी का मंदिर, रामदेव जी का मंदिर प्रांगण, राजपूतो का मोहल्ला कुंदनदास मंदिर, नरसिंह जी मंदिर प्रांगण, नाडा की ढाणी सैनियों की ढाणी, संस्कृत स्कूल बागडाला, बड़नगर की ढाणी, पारोड़ा स्कूल के पास, ढाणी नाडा की यादवो के पास, ढाणी मिश्रा वाली, ढाणी मीणा वाली, ढाणी लाशाला, ढाणी गुल्ला वाली, नहर पर यादवो के पास, टिक्का वाली में विधायक कुलदीप धनकड़ जनता से रूबरू होकर आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन कर जनता के अभाव व अभियोग सुनें। प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास कैरोडी ने बताया कि जहां वार्डो से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक धनखड के समक्ष रखा। विधायक धनखड ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुन अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। वहीं संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने बारे निर्देश दिये। वहीं उन्होंने वार्डो में सीसी रोड, इंटर लॉकिंग सड़क, हाइ मास्क लाइट, नालियों का निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र का विकास करवाना उनका कर्तव्य है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 97/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री यदुराज सिंह पुत्र श्री दिलीप सिंह निवासी 16/201, एफ-101, पंचरतन, हनुमान नगर-ई, वैशाली नगर, जयपुर 302021 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत ठिकाना मन्दिर श्री नृसिंह जी महाराज व श्री रूगन्नाथ जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पता-16/201, एफ-101, पंचरतन, हनुमान नगर-ई, वैशाली नगर, जयपुर 302021 राजस्थान के सम्बन्ध मे अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध मे आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 4.3.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 16.5.25
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

खाटू जी के मेले मे अपनी हाजरी देकर सेवा दी

अलवर। रींगस जिला सीकर मे श्री खाटू बाबा के दरबार मे उमेश राज डवलापर्स के टीम लीडर निर्मल सूरा अलवर के नेतृत्व मे खाटू जी के भव्य मेले मे अपनी हाजरी देकर सेवा दी। लाखो की भीड़ मे एक बेटी अपने परिवार से बिछडऩे पर टीम लीडर निर्मल सूरा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवार जनो से संपर्क कर तोरण द्वार पर मिलवाया. ठीक इसी प्रकार किसी तीर्थ यात्री के पेरो को दबाना, मेडिसिन देना, ओआरएस देना, पट्टी बांधना विभिन्न प्रकार की मदद कर अपने जीवन को धन्य किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल के आगमन पर हेलीपेड पर पहुंच कर टीम लीडर निर्मल सूरा द्वारा स्वागत सम्मान किया. सेकड़ो भक्तजनो द्वारा भंडारे,प्याऊ, क्लिनिक लगा कर सेवाएं दे रहे थे! ऐसे अलौकिक दृश्य देकना जीवन को शुकुन देता है। महाभारत काल के पांच पांडव मे भीम का पुत्र घटोतकच्छ था जिसका बेटा बर्बीरिक था, जिसने शिवजी की अपार भक्ति कर तीन बान प्राप्त किये जिनकी परीक्षा स्वयं कृष्ण भगवान ने ली और बार्बीरिक का शीश दान मे लिया क्युकि बार्बीरिक को हारे का सहारा का आशीर्वाद मिला था

■ **उमेश राज डवलापर्स के टीम लीडर निर्मल सूरा अलवर के नेतृत्व मे खाटू जी के भव्य मेले मे अपनी हाजरी देकर सेवा दी**

कृष्ण भगवान को मालूम था कोरव हारेंगे और बार्बीरिक उनकी सहायता करेगा और अधर्म की जीत होंगी। इसलिए उनका शीश लेकर आशीर्वाद दिया की कलयुग तक जीवित रह कर हारे हुए भक्तजनो का सहारा बनोगे और अपना नाम दिया।

यही मुख्य कारण है जो लाखो की भीड़ का प्रतिदिन जन सैलाब देखने को मिल। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश आदि जिलों से भक्तजन आये इस टीम मे स्वयं उमेश राज राजा साहब, मनोज शर्मा, जोगेन्दर सिंह बन्ना, आशीष शर्मा, महेन्दर, राजेंदर, पंकज, जय प्रकाश, अमन, सुरेंदर, प्रेम, आदि दर्जनों टीम मेंबर रहे , उमेशराज व टीम लीडर निर्मल सूरा के नेतृत्व मे पद यात्रा कर बाबा के दर्शन लाभ लिया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक सचिन पायलट का स्वागत किया

दौसा। जिले भर के कांग्रेसी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने सोमवार को जयपुर से हिण्डौन जाते समय प्रधान पैलेस दौसा पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक सचिन पायलट का स्वागत किया। इधर सचिन पायलट की आईलवयू टीम की बहती सक्रिया के चलते जिले के पुराने, कदावर एवं विभिन्न समाजों के कांग्रेसी नेताबों ने दूरियां बना ली है, जो पर्चा का विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर सचिन पायलट ने भाजपा पर जमकर हमला बोला है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक सचिन पायलट सोमवार को जयपुर से हिण्डौन के तिमरियों में आयोजित एक समारोह में भाग लेने जा रहे थे, इस दौरान दौसा में सचिन पायलट का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा के नेतृत्व में बांदीकुई के पूर्व विधायक जी बार खटाना, लवाण प्रधान बीना देवी, नगर परिषद सभापति कल्पना जैमन, दौसा प्रधान प्रहलाद मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष रामधन वेद, मनश्याम भांडारेज, राम प्रसाद शर्मा, शरद नागर, नरेंद्र जैमन, हेमराज अवाना, रामावतार मावई कैलाश वैसला, रामेश्वर वैरवा, खैराती लाल बैरवा, कंवरपाल गुर्जर रामकिशन अभयपुर शीतल चौबे, रामनारायण पंडा, भंवर गुर्जर घासीलाल गुर्जर भमन गुर्जर, उप प्रधान जलजीत मीणा, गीता वर्मा, रामधन कानपुर, कैलाश गोठवाल, कृष्ण भड़ाना, उमाशंकर बनियान, किशन लाल मष्ठावर प्रकाश बैरवा, रविंद्र जीयेता सहित अनेक पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

प्रदेश में अफसरशाही हावि:- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विधायक सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हरमोर्च पर विफल हो गई है, सरकार के अधिकांश मंत्री सदन में जबाव देने से कतरा रहे है, उनसे जबाव नहीं लग रहे है। सत्ता पक्ष के विधायकों द्वारा भी सवाल किये जा रहे है, उनको संतोषप्रद जबाव नही दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार ने जनता से जो वायदे किये थे, 14 महिने होने के बावजूद उनको घरातल पर नहीं उतारा गया है। सत्ता में खिंचाव व तनाव से असंमजस की स्थिति बनी हुई है, मुख्यमंत्री कुछ भी बोले लेकिन अफसरशाही एवं नौकरशाही हावि है जो जग जाहिर है। हम लोग सरकार से लगातार जबाव मांगेगे, विपक्ष में है, कांग्रेस सदन के बाद पूरी ताकत एवं एकजुटता के साथ विपक्ष का काम कर रही है। कल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीटिंग हुई है, जिसके प्रस्ताव पारित किया गया है कि संगठन में चदलाव किया जायेगा, जिससे संगठन को ओर ताकत व चल मिलेगा।

उन्होने कहा कि फल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक है, हम उस बैठक में वर्ष 2025 में संगठन को सक्रिय करने के लिए नरणीति बनायेगें। पूरे वर्ष संगठन के लिए होगा। बैठक में संगठन को मजबूती देने, तीव्रता देने के लिए रणनीति बनाई जायेगी, कांग्रेस संगठन को पूरे देश में सक्रिय किया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में राज्य सरकार के कार्यकाल पर समीक्षा की गई, शीघ्र ही अभियान चलाकर पहले संगठन को ब्लॉक स्तर तक सक्रिय करेगें, उसके बाद सरकार की कमियों को जनता के बीच लेकर जायेगें। उन्होने हमारे विधायक व संगठन के पदाधिकारी अपना खून पसीना बहा रहे है। सरकार की कमियों को लगातार उजागर कर रहे है। भाजपा ने सत्ता में आने से पूर्व लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा दिया था।14 माह होने के वावजूद भर्तियां नहीं की जा रही है। इतना ही सरकार ने वैकलॉग तक नहीं भरा है। एससी-एसटी के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति तक नहीं दी जा रही है।

उन्होने कहा कि जनता सब जानती है कि सरकार हर मोर्चे पर विफल है, अफसरशाही हावि है, विधायको के काम नहीं हो रहे है। सदर में मंत्री नही आ रहे है, मंत्री स्तीफा देकर बैठे है, सरकार पूरी तरह से वैकफुट पर है। जनता से सरकार को मौका दिया है, चावजूद इसके सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उन्होने कहा कि ये डबल इंजन सरकार की यात करते है, फेन्द्र सरकार के चजट में राजस्थान जिक्र तक नहीं है, 11 सीटे हारने का गुस्सा जनता पर क्यो निकाला जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री रोज ब्रॉडकास्ट करते है, लेकिन मीडिया के सामने नहीं आते है।

बहक
1. बबीता कुमारी पुत्री बहादुर सिंह निवासी भापर तन काजड़ा तह. सुरजगढ़ जिला झुन्झूनू
2. एडवोकट अमृत कुमार नोटेरी पब्लिक झुन्झूनू कोर्ट परिसर झुन्झूनू
नोटिस लेहन्दा
मसुख मुखत्यारनामा
नोटिस बाबत निरस्त करने मुखत्यारनामा
महोदय,
मेरे अभिभाष्य प्यारेलाल पुत्र मदनलाल निवासी नवीन होटल के पास रोड नं. 1 झुन्झूनूं तह. व जिला झुन्झूनू (राज) की हस्बो हिदायतानुसार आपको निम्न प्रकार सुचना प्रेषित हैः-
1. यह कि मेरे अभिभाष्य और आप नोटीस लेहन्दा नं. 1 के बीच एक मुखत्यारनामा दिनांक 05.09.2023 को सम्पन्न हुआ था, जिसमें मेरे अभिभाष्य द्वारा एक मुखत्यारनामा आप को वाकै ग्राम नला का बालाजी पटवार हल्का कुडली जिला सीकर राजस्थान में स्थित भुमि खाता संख्या नया 43 खसरा सख्या 1264/541,1265/541,1266/541 कुल किता 3 रकबा 0.8600 हैक्टेयर भूमि जिसमें मेरे अभिभाष्य का हिस्सा 2/3 है। उक्त भुमी की पैरवी व देखभाल के लिए मेरे अभिभाष्य के पास समय का अभाव होने के कारण आप नोटीस लेहन्दा नं. 1 को उक्त वर्णित भुमि की देखभाल का ज़िम्मा सौंपा था
2. यह कि दिनांक 09.11.2023 को मेरे अभिभाष्य के पास समय होने और अपनी भुमी की देखभाल करने में सक्षम होने पर उक्त मुखत्यारनामा निरस्त किया जा चुका है। और जरिए नोटीस नोटीस लेहन्दा को सुचना दी जा चुकी है। जिसका रिमाइन्डर नोटीस दिनांक 10.11.2024 को नोटीस लेहन्दा को मसूख मुखत्यारनामा नोटीस बाबत निरस्त करने मुखत्यारनामा दिया जा चुका है।
अतः सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य व नोटीस लेहन्दा नं. 1 के मध्य हुए मुखत्यारनामा दिनांकित 05.09.2023 को निरस्त किया जा चुका है। अगर नोटीस लेहन्दा नं. 1 उक्त मुखत्यारनामा के आधार पर कोई भी कार्यवाही करती है कोई व्यवहार किसी भी व्यक्ति के साथ उक्त भुमि पेटे किया जाता है तो वह अवैद्य व शुन्य समझा जावेगा। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरे अभिभाष्य के द्वारा अब कोई किसी प्रकार के हक व अधिकार नोटीस लेहन्दा नं. 1 बबीता कुमारी को शेष नही है। सुचित रहे।
एडवोकेट, मधुसुदन शर्मा

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, क्रम-2, जयपुर महानगर, द्वितीय
कन्हैया लाल व अन्य बनाम लक्ष्मीनारायण व अन्य
दावा बाबत् घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा
मुकदमा नं. 27/2025
वनाम - 4/2. मुकेश सैन पुत्र स्व. श्री रामफुल सैन, निवासी-83/20-ए, न्यू इन्द्रा कॉलोनी, जलमहल, वीटीसी ब्रह्मपुरी, पोस्ट ऑफिस-त्रिपोलिया बाजार, जयपुर।
4/3. पूनम सैन पुत्री स्व. श्री रामफुल सैन, नाबालिक जरिये प्राकृतिक सरंक्षक-भाई मुकेश सैन पुत्र स्व. श्री रामफुल सैन, निवासी-83/20-ए, न्यू इन्द्रा कॉलोनी, जलमहल, वीटीसी ब्रह्मपुरी, पोस्ट ऑफिस-त्रिपोलिया बाजार, जयपुर।
चूंकि वादी ने इस अदालत में तारीख 05 माह 09 सन् 2024 को 1. कन्हैयालाल व अन्य बनाम 2. लक्ष्मीनारायण व अन्य दायर की जो कि वाद मे फोत हो गया और चूंकि प्रतिवादी संख्या 4 (मृतक) मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफकी 4/2 व 4/3 मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है वजाय उसके आप 4/2. व 4/3 बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा वगर्ज जवाब देही प्रार्थना पत्र कायम मुकाम आप को तारीख 24 माह 03 सन् 2025 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जावेगा।
बसल्त मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के आज तारीख 17 माह 03 सन् 2025 को जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर ग्रेड-प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-02 जयपुर महानगर द्वितीय

नाम परिवर्तन
मैने अपना नाम राज सिंह मीना से बदलकर राज सिंह कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये पताः प्लाट न. एच एक्स 240, अंसल, कालवाड़ रोड़, जयपुर
I Rasheda Begam w/o Hussain Baig 3502 pahadganj surajpole gate Jaipur Have Changed Name Rasheda to Rasheda Begam
I, Mahendra Singh Father of JC 422424K Sub Raju Kumar R/o Vill Majlishpur, Post Govindpur Ghokhula, Dist Vaishali, State Bihar 844503, have changed my name From Mahendra Singh To Mahindra Singh Vide Affidevit No. BY 166442 Dt.12.03.2025 Before Notary Public Jaipur

खोया पाया
मेरे मकान न.-3/485 मालवीय नगर जयपुर का मूल अदैय प्रमाण पत्र मालवीय नगर में कहीं गिर गया है, मिलने पर सूचित करें- पूर्वा भारगव-9649222333
मेरे मकान संख्या 69/39 V.T. रोड मानसरोवर, जयपुर के मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र कही गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें- बाबूलाल यादव 8800622113
जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना श्री गिरधर एन्क्लेव के प्लाट नंबर- 16, गोरधनपुरा तहसील चाकसु, जयपुर की मूल रजिस्ट्री जयपुर में खो गयी है मिलने पर सूचित करे- विनोद कुमार मो.- 9667284108
मेरा मकान सं. 192/227, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। शम्भू दयाल शर्मा, 9214515910

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

विधार्थियो को दी टीबी रोग की जानकारी

टोंक। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के दौरान संपूर्ण जिले भर में अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टोंक के द्वारा वनस्थली विद्यापीठ फैकेल्टी ऑफ नर्सिंग एनएसएस में टीबी मुक्त भारत पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अंशुमान शास्त्री, डायरेक्टर, सेंटर का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बनस्थली विधापीठ ने की।

सीएमएचओ डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि इस कार्यशाला में नर्सिंग विधार्थियो को टीबी रोग की जानकारी दी, वर्ष 2025 तक रोग को खत्म करने के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। भारत में दुनिया का सबसे अधिक तपेदिक का बोझ है, अनुमानित विष्व के टीबी मरीजो के 27 प्रतिषत लोग केवल भारत देष में ग्रसित हैं। यह वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन की दिशा में देश की प्रगति में तेजी लाने के लिये स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल है। इसका उद्देश्य टीबी रोगियों के उपचार परिणामों में सुधार के लिये अतिरिक्त रोगी सहायता प्रदान करना। 2025 तक टीबी को समाप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने में समुदाय की भागीदारी बढ़ाना है। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ हिमांशु मित्तल उपस्थित रहे।

एनएसएस में टीबी मुक्त भारत पर कार्यशाला आयोजित की।

डॉ मित्तल ने कार्यशाला में फ्रंटलाइन हेल्थ केयर प्रोवाइडर नर्सिंग स्टूडेंट्स को और एनएसएस वॉलिंटियर्स को टीबी रोग की जानकारी दी। उन्होने बताया कि टीबी शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, फेफड़ों में होने वाला टीबी सबसे आम प्रकार का होता है।

टीबी का कारण अनेक स्थितियां हो सकती हैं। टीबी से पीड़ित मरीज जब छींकता, खांसता और थूकता है तो उसके द्वारा छोड़ी गई सांस से वायु में टीबी के बैक्टीरिया फैल जाते हैं। यह बैक्टीरिया कई घंटों तक वायु में जीवित रहते हैं।

महालक्ष्मी सट्टा मटके पर कब देखेगे पुलिस के नेन ?

अलवर। अलवर में पिछले 15 सालों से नया बास निवासी एक व्यक्ति लगातार महालक्ष्मी नामक मटका चला रहा है जिसके चलने से शाम पांच बजते ही मटके की खबर जानने के लिए सट्टा खेलने वाले युवकों की भीड शहर के चौराहों पर एकत्रित हो जाती है। ऐसा नही है कि इस मटका किंग की जानकारी अलवर पुलिस को नही है पुलिस पूरी तरह से जानती है कि यह मटका किंग कौन है और कहा इसका काला बाजार चलता है लेकिन पुलिस के तेज तर्रार नेन आज तक इस मटके को नही खोज पाएं ।

पुलिस को जनहित के मुद्दों से कोई लेना देना नही उन्हें अगर कोई सांसद या मंत्री इसकी शिकायत करे तो उस पर तुरंत एक्षन ले लिया जाता लेकिन मीडिया में प्रकाशित समाचार उनके लिए कोई माईने रखते है जबकि मीडिया की खबरे अलवर ही नही पूरे देष के ग्रुपों में तेजी से वायरल होती है लेकिन जयपुर में बैठे उच्च अधिकारी भी इन समाचारों पर ध्यान नही देते क्योंकि लोगों का कहना है कि सट्टा किंग से पुलिस की सांठ गांठ है मोटी मंथली के कारण पुलिस उक्त सट्टा किंग पर कोई कार्यवाही नही कर रही है।

इधर अलवर पुलिस छोटे-मोटे अपराधियों को पकड़ कर विभागीय प्रेस नोट जारी कर अपनी पीठ थपथपाने में कोई कसर नही छोड रही अगर पुलिस के नेन इस मटका किंग पर पड जाती है और यह मटका बंद हो जाता है तो पुलिस को गरीब लोगों की दुआएं लगेगे जिनके घर इस सट्टा किंग ने बरबाद कर दिए है। यहां पर आपकों बता दे कि महालक्ष्मी सट्टा मटका में रोज लोग इस उम्मीद में अपनी कमाई का मोटा हिस्सा लगा देते है कि हो सकता है उनका नम्बर लग जाए लेकिन उन्हें क्या पता कि सट्टा किंग अपने मटके में वही नंबर खोलता है जिसे लोगों ने या तो खेला नही या फिर कुछ ही लोगों ने लगाया हो इसी कारण से आज मात्र 15 सालों में यह सट्टा किंग अरबपति बन गया है और सट्टा खेलने वाले खकपति बने चुके है।

निःशुल्क बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा आज से

श्रीमाधोपुर । रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज एवं गुरु कृपा स्पोर्ट्स अकैडमी श्रीमाधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में 18 ,19 व 20 मार्च को निःशुल्क रोटरी बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन गिरिराज कयाल व को - चेयरमैन पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 18 मार्च मंगलवार को प्रातः 8 बजे होगा।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण राकेश कुमार पुत्र श्री रिछपाल व श्रीमती रेखा छीपा पत्नि श्री राकेश कुमार, निवासीगण-ए-271, जेडीए कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर का निवासी है। मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र खुशाल नामा पुत्र श्री राकेश कुमार जिसका आचरण ठीक नही है व अपने माता पिता के कहने मे नही है तथा उसके द्वारा अपने परिजन एवं आम लोगो के साथ दुर्व्यवहार, रोजमर्रा के झगड़ो के कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियो से बेदखल कर दिया है एवं समस्त आमजनो / रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार व लेनदेन किया जाता है तो इसके लिये मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र स्वंय जिम्मेदार होगा तथा इसमे मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सूचित रहे।
जयपुर (अशोक कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनांकः- मो.न-9166491417

आम सूचना श्रीमती सूरज देवी पत्नी श्री मदन लाल ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि०, जयपुर की योजना राधा रेजीडेन्सी-प्रथम, ग्राम-कलवड़ा, तहसील-सांगानेर, जयपुर के भूखण्ड संख्या-387-ए के मूल दस्तावेज गुम हो गये है जिस बाबत गुमशुदगी रपट संख्या- L.R. 2657777/2025 दिनांक 06/03/2025 को जयपुर मे दर्ज करवाई है तथा उक्त रिपोर्ट की प्रतिलिपि व बन्ध पत्र, शपथ पत्र समिति कार्यालय मे प्रस्तुत किये तथा डुप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत समिति से कहा गया। यदि उक्त भूखण्ड का डुप्लीकेट पट्टा, रसीद व सार्इड प्लान जारी करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वे समिति कार्यालय मे या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि मे उज्र व आपत्ति पेश करे; अन्यथा डूप्लीकेट पट्टा जारी किया जावेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट, मोबाईल नं. 9314511091

आम सूचना महेश कुमार बियानी पुत्र श्री श्याम सुन्दर बियानी ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि०, जयपुर की योजना राधा रेजीडेन्सी-प्रथम विस्तार, ग्राम-नेवटा, तहसील-सांगानेर, जयपुर के भूखण्ड संख्या-209 के मूल दस्तावेज गुम हो गये है जिस बाबत गुमशु